आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.05.2025    समय : 1905

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए।
- प्रसार भारती–शब्द ने सभी वीडियो संपादकों को निःशुल्क पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है।
- स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने कोरोना वायरस को लेकर एहतियात बरतने की सलाह दी है।
- विज्ञान केन्द्र में आज अवकाश शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया।

**<><><><><><><>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में 15 नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार–2025 प्रदान किए। यह पुरस्कार नर्सिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रतापराव जाधव उपस्थित थे। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों की सराहनीय सेवाओं के सम्मान में इस पुरस्कार को दिए जाने की घोषणा वर्ष 1973 में की थी।

**<><><><><><><>**

प्रसार भारती–प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो–विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है। पीबी शब्द यूट्यूबर्स और क्रिएटर्स के लिए बिना किसी भुगतान के निःशुल्क, प्रामाणिक मीडिया सामग्री प्रदान करता है। शब्द के पास 1,500 से अधिक रिपोर्टर, संवाददाता और स्ट्रिंगर्स का एक मजबूत नेटवर्क है। इसके पास व्यापक कवरेज के लिए चौबीसों घंटे काम करने वाले 60 समर्पित संपादन डेस्क उपलब्ध हैं। देश भर के समाचार पोर्टल शब्द के माध्यम से दूरदर्शन और आकाशवाणी के विश्वसनीय कोष तक पहुँच सकते हैं। शब्द पर कृषि, प्रौद्योगिकी, विदेशी मामले और राजनीतिक घटनाक्रम जैसी 50 से अधिक समाचार श्रेणियों को शामिल करने वाले एक हजार से अधिक समाचार प्रतिदिन सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में अपलोड किए जाते हैं।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने आज निर्देश दिया है कि 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट–पीजी दो पालियों के स्थान पर अब एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक ही पाली में परीक्षा कराने की व्यवस्था करें और यह सुनिश्चित किया जाए कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। पीठ ने कहा है कि दो पालियों में प्रश्नपत्र कभी भी एक ही कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय नीट–पीजी परीक्षा के संचालन में पारदर्शिता की कमी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। नीट–पीजी के उम्मीदवारों ने न्यायालय के समक्ष दायर अपनी याचिका में दावा किया है कि दो पालियों की शुरूआत, सामान्यीकरण पद्धति और टाई–ब्रेकर मानदंड में बदलाव ने चिकित्सा विद्यार्थियों पर प्रतिकूल असर डाला है।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से आज हैडो में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं, एन डी आर एफ और नगरपालिका परिषद के साथ समन्वय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आपात स्थितियों के निपटान के लिए जानकारी प्रदान कर सामुदायिक स्वयंसेवकों का निर्माण करना था। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन निदेशालय के सहायक निदेशक जनिक राम ने आपदा प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया। तकनीकी सत्र के दौरान, एनडीआरएफ ने खोज और बचाव और प्राथमिक उपचार के तकनीकों सहित बुनियादी जीवन रक्षक प्रशिक्षण दिया। अग्निशमन विभाग ने घरेलू अग्निशमन तकनीकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में लगभग 60 सामुदायिक स्वयंसेवकों और नगरपालिका परिषद के कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने इन दिनों कोरोना वायरस को लेकर किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि इस तरह के मामले भारत के कुछ राज्यों के अलावा विदेशों में भी पाए गए हैं, जिससे एहतियात बरतने की सलाह दी जाती है। इस बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य सेवा उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने कहा–

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित एक माह लंबे अवकाश शिविर का आज समापन समारोह आयोजित किया गया। विज्ञान केन्द्र परिसर में आयोजित इस समारोह में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ. अपूर्व दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस समारोह में क्रिएटिव साइंस, रोबोटिक साइंस, रॉकेट मॉडलिंग, ड्रॉन और थ्री–डी मॉडलिंग जैसी गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई। बच्चों ने परियोजनाओं और प्रयोगों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने शिविर में भाग लेने वाले छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विज्ञान केन्द्र के शिक्षा अधिकारी देबाशीष पॉल ने शिविर की गतिविधियों पर संक्षिप्त जानकारी दी।

बाईट– देबाशीष पॉल–27 से0

इस अवसर पर शिविर में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। शिविर में लगभग 132 बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। पैंतालीस दिवसीय इस कार्यशाला की शुरूआत छः जून से होगी। कार्यशाला का निर्देशन पद्मश्री नरेश चन्द्र लाल करेंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला में बारह से चालीस वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इच्छुक कलाकार चार जून तक परिषद कार्यालय में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए परिषद के विवेक कुमार मिश्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 में विभिन्न यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन जमा किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 जून है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार कॉलेज के प्रवेश और परीक्षा अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं। अंडमान कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन 30 जून तक जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान क्षेत्र में कल पैन्थर–एक और पैन्थर–दो मुख्य ट्रांसमिशन लाईन में आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके कारण कल सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक श्री विजयपुरम, और बम्बूफ्लाट से विम्बर्लीगंज क्षेत्र में बिजली की कटौती की जाएगी।

<><><><><><><>